सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 237 | इंदौर, शनिवार 14 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## असम और बंगाल को पीएम देंगे विकास की बड़ी सौगात

● आज 42 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास



गुवाहाटी, (एजेंसी) पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम और पश्चिम बंगाल में कई बड़ी विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री अपने दो दिवसीय असम दौरे के दूसरे दिन सिलचर पहुंचेंगे, जहां वे 23,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे पश्चिम बंगाल के कोलकाता पहुंचेंगे और वहां करीब 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री दोनों राज्यों में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री सुबह करीब 10:45 बजे असम के सिलचर पहुंचेंगे। यहां वे सड़क, रेलवे और शिक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाना, व्यापार को गति देना और स्थानीय लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री सिलचर में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे।

### सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेसवे से क्या बदलेगा?

प्रधानमंत्री सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत करीब 22,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह एक्सप्रेसवे लगभग 166 किलोमीटर लंबा होगा। इसके बनने से सिलचर और गुवाहाटी के बीच यात्रा समय मौजूदा करीब आठ घंटे से घटकर चार से साढ़े चार घंटे रह जाने की उम्मीद है। इससे व्यापार, पर्यटन और परिवहन को नई गति मिलने की संभावना है।

### असम में और कौन-कौन सी परियोजनाएं शुरू होंगी?

प्रधानमंत्री सिलचर शहर में करीब 563 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले फ्लाईओवर का शिलान्यास करेंगे। इससे शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा पाथरकांडी में लगभग 122 करोड़ रुपये की लागत से तीन कृषि महाविद्यालयों की आधारशिला भी रखी जाएगी। इन कॉलेजों से क्षेत्र में कृषि शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

नवरात्रि से पहले लाड़ली बहनों को तोहफा

# सीएम मोहन यादव ने खातों में ट्रांसफर किए 1836 करोड़ रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नवरात्रि से पहले प्रदेश की लाड़ली बहनों को बड़ी सौगात देते हुए लाड़ली बहना योजना की 34वीं किश्त जारी की। ग्वालियर जिले के घाटीगांव स्थित शबरी माता मंदिर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उन्होंने 1.25 करोड़ महिलाओं के खातों में 1500 रुपये की दर से कुल 1836 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 121 करोड़ रुपये की लागत के 54 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन से हुई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद महिलाओं पर पुष्पवर्षा की और हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र, स्व-सहायता समूहों के चेक तथा मुद्रा योजना के चेक भी वितरित किए।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसमें प्रदेश की बहन-बेटियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि जून 2023 से फरवरी 2026 तक योजना की 33 किश्तों के माध्यम से 54,140 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में सीधे ट्रांसफर किए जा चुके हैं। नवंबर 2025 से मासिक सहायता में 250 रुपये की वृद्धि के बाद अब पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लाड़ली बहना योजना को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि महिलाओं को कौशल उन्नयन, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

### विकास कार्यों की भी दी सौगात

मुख्यमंत्री ने बताया कि भितरवार क्षेत्र में 122 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। इसमें 40 करोड़ रुपये की लागत से सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण और एक नए पुल का भूमिपूजन शामिल है। डबरा के जौरासी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक के दूसरे चरण के लिए 12.5 हजार करोड़ रुपये के कार्य का भूमि पूजन प्रस्तावित है। कुलैथ, डबरा और मुरार में 50-50 सीट के बालक-बालिका छात्रावास बनाए जा रहे हैं। आईएसबीटी के पास 7 करोड़ रुपये की लागत से श्रमिक विश्रामगृह का निर्माण भी किया जा रहा है।

### सीएम ने यह घोषणाएं भी की

1. भितरवार के पीएचसी को सिविल अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा
2. घाटीगांव के उप स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन होगा
3. भितरवार और घाटीगांव में आईटीआई केंद्र स्थापित किए जाएंगे
4. मां शबरी मंदिर के भव्य निर्माण के लिए भूमि सर्वे कराया जाएगा
5. संस्कृति विभाग के माध्यम से भगवान देवनारायण मंदिर में आयोजन होंगे

### लिखी जा रही विकास की नई इबारत

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बहनों को प्रतिमाह 3000 रुपये तक देने का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है और किसानों व महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही हैं।

# भुट्टे का किस और गराड़ू हुए ठंडे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मशहूर सराफा चौपाटी पर भी अब गैस किल्लत का असर दिखने लगा है। अपनी चटपटी और पारंपरिक व्यंजनों के लिए देशभर में पहचान रखने वाली इस चौपाटी में कमर्शियल गैस की किल्लत की वजह से कई स्टालों से पकवान कम होने लगे हैं। हालात यह हैं कि यहां दही बड़े तो शान से उछल रहे हैं क्योंकि उन्हें बनाने में गैस की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन गराड़ू और भुट्टे के किस की गरमाहट कम हो गई है क्योंकि इन्हें तैयार करने के लिए लगातार आंच की जरूरत होती है।



सराफा चौपाटी में आम दिनों के मुकाबले भीड़ कुछ कम नजर आई। ग्राहकों के मन में यह डर है कि गैस संकट की वजह से शायद उन्हें गरमा-गरम व्यंजन न मिल पाएं, हालांकि पर्यटकों की मौजूदगी बनी रही। दुकानदार धर्मेंद्र यादव ने बताया कि फिलहाल उनके पास दो-तीन दिनों का गैस स्टॉक बचा है लेकिन अगर जल्द सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो स्टाल लगाने पर संकट खड़ा हो जाएगा। चूंकि सराफा में ज्यादातर दुकानें अस्थाई होती हैं, इसलिए दुकानदार बिजली के चूल्हे या इंडक्शन का इस्तेमाल भी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इसके लिए अलग से बिजली कनेक्शन की जरूरत होगी। सराफा चौपाटी व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गुप्ता का कहना है कि यह चौपाटी शहर की शान है और इसे गैस संकट के कारण बंद नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने विकल्प के तौर पर इंडक्शन अपनाने पर विचार शुरू कर दिया है। एक कमर्शियल सिलेंडर आमतौर पर चार-पांच दिन चलता है, इसलिए फिलहाल हफ्ते भर तक तो काम चल जाएगा। इस मौजूदा मुसीबत से निपटने का रास्ता निकालने के लिए चौपाटी के व्यापारी जल्द ही एक बैठक करने वाले हैं।

### एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्ती

# जिला प्रशासन ने बनाया कंट्रोल रूम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में अब एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती की जाएगी। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं की सुविधा और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। अब आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे।**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की सहज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर यह कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि इंदौर जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री व कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है।



### जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में इन्हें किया तैनात

1. सहायक आपूर्ति अधिकारी, कल्पना परामानिक (मोबाइल नम्बर-9399142251)
2. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सवेसिंह गामड़ (8120041922) सहित कम्प्यूटर ऑपरेटर,
3. अंकित नागर (9200249020)
4. रोहित बर्मन (8085799812)
5. महेश जगताप (6260271176)
6. अब्दुल समद (9926062731)

### हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज करा सकेंगे शिकायत

आम उपभोक्ता अपनी शिकायत या सुझाव कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 पर दर्ज करा सकते हैं या फिर कलेक्टोरेट ऑफिस के रूम नंबर 221 में ऑफिस के समय खुद आकर भी जानकारी दे सकते हैं। कंट्रोल रूम प्रभारी और उनकी टीम प्राप्त शिकायतों को दर्ज कर उनके त्वरित निराकरण की कार्रवाई करेगी।

## बेहतर कूलिंग, स्मार्ट तकनीक और बिजली की अधिक बचत के लिए नई रेंज पेश

### डाइकिन इंडिया ने लॉन्च किए एआई सक्षम और ऊर्जा बचाने वाले नए रूम एसी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डाइकिन एयरकंडीशनिंग इंडिया प्रा. लि., जो जापान की डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 100% सहायक कंपनी है, ने वर्ष 2026 के लिए अपने नए ऊर्जा-दक्ष रूम एयर कंडीशनर्स और अक आधारित वीआरवी अल्फा सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नई रेंज बेहतर कूलिंग, स्मार्ट तकनीक और बिजली की अधिक बचत के उद्देश्य से पेश की गई है।**

इस अवसर पर डाइकिन इंडिया के चेयरमैन एवं एमडी कंवलजीत जावा ने कहा कि कंपनी भारतीय ग्राहकों को विश्वस्तरीय, भरोसेमंद और ऊर्जा बचाने वाले उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार नवाचार कर रही है। 60 से अधिक मॉडलों वाली 2026 की नई रेंज जापानी तकनीक और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि डाइकिन भारत में तेजी से विस्तार कर रही है। कंपनी का टर्नओवर करीब 150 करोड़ डॉलर है और अब तक भारत में लगभग 2800 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। नीमराना और श्रीसिटी में कंपनी की अत्याधुनिक फैक्ट्रियां संचालित हैं तथा देश में तीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र भी कार्यरत हैं। इसके अलावा तकनीकी प्रशिक्षण के लिए ऊखकटए और अउ-ऊउ जैसे केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। कंपनी ने यह भी संकेत दिया कि कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और सप्लाई चेन की लागत में वृद्धि के कारण अप्रैल 2026 से अपने उत्पादों की कीमतों में लगभग 7 से 12 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की जाएगी।

## बेटी के शरीर से भूत निकालने के नाम पर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक के नाम पर युवती से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक तांत्रिक ने युवती के शरीर से भूत-प्रेत निकालने का दावा करते हुए उसे लोहे के चिमटे से पीट दिया। बेटी को बचाने पहुंची मां के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।**

एरोड्रम थाना पुलिस ने ममता नाम की महिला की शिकायत पर सुरेश पुत्र ख्यालीराम कोशल निवासी महावीर नगर, छोटा बांगड़दा के खिलाफ मारपीट और झूठे झांसे में प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया है। ममता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी शालिनी की तबीयत लंबे समय से खराब रहती है। इसी कारण वह 10 मार्च को उसे लेकर सुरेश के पास झाड़-फूंक कराने पहुंची थी। सुरेश ने शालिनी को देखकर उसे लौंग, नींबू और भभूत दी और घर जाकर खाने के लिए कहा। साथ ही अगले दिन रात में दोबारा आने को कहा। पीड़िता के अनुसार जब वे अगले दिन रात को सुरेश के घर पहुंचीं तो उसने गेट पर ही रोक लिया और शालिनी को बाहर बैठा लिया। इसके बाद वह उससे कहने लगा कि उसके अंदर कोई और है, बाहर निकल। इसी दौरान उसने लोहे का चिमटा उठाकर शालिनी को मारना शुरू कर दिया। काफी देर तक मारपीट होने पर शालिनी चिल्लाने लगी तो उसकी मां ममता उसे बचाने पहुंची। इस पर आरोपी ने कहा कि लड़की के अंदर भूत-प्रेत है और उसका इलाज इसी तरह होगा। जब ममता ने विरोध किया तो आरोपी ने चिमटे से उसे भी मार दिया। घटना के दौरान पीड़िता का जीजा और पड़ोस की एक महिला भी बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद गुरुवार को मां-बेटी एरोड्रम थाने पहुंचीं और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी तांत्रिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गिरवी दुकान को लेकर विवाद

## तय रकम देने पर भी मांगे 6 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पलासिया थाना क्षेत्र में गिरवी रखी दुकान को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। दुकान संचालिका ने जब तय रकम देकर दुकान छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपी ने छह लाख रुपए की मांग कर दी। रकम देने से इनकार करने पर आरोपी दुकान में रखा सामान उठाकर ले गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, बड़ी ग्वालटोली स्थित नूरजहां लेडीज टेलर की संचालिका ने शिकायत दर्ज कराई है। फरियादिया ने बताया कि करीब 11 महीने पहले उसने अपनी दुकान ढाई लाख रुपए में गिरवी रखी थी। इस पर हर महीने चार प्रतिशत ब्याज के हिसाब से 10 हजार रुपए देना तय हुआ था, जिसे वह नियमित रूप से देती रही। पीड़िता के अनुसार, करीब चार महीने बाद वह ढाई लाख रुपए लेकर दुकान छुड़ाने पहुंची, लेकिन आरोपी राहुल पुत्र राजेंद्र मांडले निवासी रविदासपुरा, छत्रीपुरा ने दुकान लौटाने के बदले छह लाख रुपए की मांग कर दी। जब पीड़िता ने इतनी रकम देने से इनकार किया, तो 12 अगस्त 2025 को सुबह करीब 11 बजे आरोपी दुकान में घुसकर वहां रखा सामान उठाकर ले गया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी तीन सिलाई मशीन, कैश काउंटर, महिलाओं के शादी के लहंगे, सलवार-सूट, 1300 रुपए कैश, एक पोर्टेबल टीवी और लकड़ी का फर्नीचर ले गया। चोरी गए सामान की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई गई है।

## कांग्रेस इंदौर में पंचायत स्तर पर बनाएगी कमेटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कांग्रेस अब संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर तक नई संरचना बनाने जा रही है। इसके तहत प्रत्येक पंचायत में 25-25 लोगों की कमेटी बनाई जाएगी। साथ ही मोहल्ला स्तर पर भी अलग-अलग समितियों का गठन किया जाएगा। यह निर्देश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों में दिए। वे तीन दिन के दौरे पर ग्रामीण क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकें ले रहे हैं। गुरुवार से शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलनों का पहला फोकस ग्रामीण क्षेत्रों पर रखा गया है। सिमरोल ब्लॉक से सम्मेलन और बैठकों की शुरुआत हुई। इस दौरान पटवारी ने कार्यकर्ताओं से साफ कहा कि अब कांग्रेस में पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। पार्टी मजबूत होगी तो कार्यकर्ता भी मजबूत होंगे। बैठक में संगठन महासचिव दौलत पटेल और जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े भी मौजूद रहे। पटवारी ने संगठन की मंशा और 'सृजन अभियान' के तहत तय गाइडलाइन की जानकारी दी।

## कोचिंग के बहाने मिलने बुलाया, फिर धमकाकर जेवर ले गया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक नाबालिग छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर उससे छेड़छाड़ करने और धमकाकर घर के जेवर मंगवाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट और धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।**

हीरानगर पुलिस के मुताबिक आरोपी कुंज चौहान नाम का युवक है। छात्रा की मां गुरुवार को थाने पहुंची और बताया कि उनकी बेटी पिछले दो-तीन महीने से डरी हुई रहती थी और घर से कम ही निकलती थी। जब उससे कारण पूछा गया तो वह कुछ नहीं बता रही थी। मां के अनुसार फरवरी में जब अलमारी का लॉकर खोला गया तो उसमें रखे जेवर और नकदी गायब मिले। अलमारी लॉक थी और चाबी भी अपनी जगह पर थी। पहले परिवार ने घर में ही काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद माता-पिता ने बेटी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बताई। छात्रा के मुताबिक दिसंबर में उसकी इंस्टाग्राम पर कुंज से दोस्ती हुई थी। इसके बाद वह कोचिंग आने-जाने के दौरान मिलने लगा। कुछ समय बाद उसने उसे धमकाना शुरू कर दिया। छात्रा ने बताया कि 6 जनवरी को आरोपी ने उसे मेघदूत नगर के पास मिलने बुलाया। वहां वह कार से आया और उसे खजराना मंदिर ले गया। वापस लौटते समय कार में उसने गलत तरीके से छेड़छाड़ की और किसी को बताने पर बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने कहा कि उसका कोर्ट केस चल रहा है और कुछ समय के लिए जेवर और नकदी लाने को कहा। छात्रा के मना करने पर उसने उसे बदनाम करने की धमकी दी और चाकू दिखाकर डराया। डर के कारण छात्रा ने घर से जेवर लाकर उसे दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने छात्रा से बातचीत बंद कर दी। गुरुवार रात माता-पिता बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और टीआई सुशील पटेल को पूरी जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर फैक्ट्री में खाद्य कारोबार कराया गया बंद

# अवैध आइस लॉली निर्माण इकाई पर कार्रवाई, 190 किलो खाद्य पदार्थ जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।**



इसी क्रम में शुक्रवार 13 मार्च को बाबूलाल नगर, पालदा मेन रोड, इंदौर स्थित मेसर्स कृष्णा पेप्सी का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर श्रीमती कृष्णा प्रजापत पत्नी कैलाश प्रजापत खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाई गईं। निरीक्षण के दौरान परिसर में विभिन्न प्रकार की आइस लॉली का निर्माण किया जाना पाया गया। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों के निर्माण के लिए आवश्यक वैध अनुज्ञप्ति अथवा पंजीयन उपलब्ध नहीं था। आइस लॉली निर्माण के लिए उपयोग किए जा रहे पानी का स्रोत सीधे बोरिंग का पानी पाया गया तथा संचालक द्वारा उक्त पानी के पीने योग्य होने का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया।

इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि खाद्य पदार्थों में मिठास के लिए आर्टिफिशियल स्वीटनर सैकरीन का उपयोग किया जा रहा था, जबकि इसके उपयोग के संबंध में खाद्य पदार्थ के लेबल पर कोई सूचना प्रदर्शित नहीं की गई थी। आर्टिफिशियल स्वीटनर का अधिक उपयोग विशेषकर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। गौरतलब है कि परिसर में निर्मित आइस लॉली का उपयोग मुख्यतः छोटे आयु वर्ग के बच्चों द्वारा किया जाता है।

मौके से आइस लॉली के 03 नमूने, आइस लॉली निर्माण में प्रयुक्त महाराज सॉफ्ट ड्रिंक का 01 नमूना तथा आर्टिफिशियल स्वीटनर का 01 नमूना, इस प्रकार कुल 05 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही लगभग 6250 नग (लगभग 190 किलोग्राम) खाद्य पदार्थ जब्त किए गए। परिसर में पाई गई गंभीर अनियमितताओं तथा वैध लाइसेंस/पंजीयन के अभाव को देखते हुए उक्त प्रतिष्ठान में संचालित खाद्य कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया।

चार महिलाओं पर अमानत में खयानत का केस

## ग्रीन वैली सोसाइटी में एक करोड़ की गड़बड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया रोड स्थित ग्रीन वैली सोसाइटी में करीब एक करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने गुरुवार को सोसाइटी से जुड़ी चार महिलाओं के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज किया है।**

कनाड़िया थाना पुलिस के मुताबिक सोनम गेडा निवासी ई-ब्लॉक ग्रीन वैली सोसाइटी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोसाइटी से जुड़े वित्तीय लेनदेन में करीब एक करोड़ रुपए की गड़बड़ी की गई है। पुलिस ने इस मामले में रेखा चौधरी (45), सपना जैन (42), सोनिया चौधरी (40) और अपर्णा श्रीवास्तव (41) निवासी ग्रीन वैली सोसाइटी कनाड़िया रोड को आरोपी बनाया है। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने सोसाइटी के पैसों में अनियमितता करते हुए अमानत में खयानत की। सोनम ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह सोसायटी की मेंबर हैं। इस सोसाइटी में 63 मेंबर हैं। इन सदस्यों से साल 2020 से 2025 में वितीय वर्षों में करोड़ों रुपए जमा हुए हैं। ये पैसा मेटनेंस से लेकर अन्य मदों में खर्च किया गया।

इस दौरान फर्जी बिल और अन्य तरीकों से करीब एक करोड़ का नुकसान पहुंचाया गया। मामले में पूर्व में भी सोनम ने शिकायत की थी। मामले में समस्त दस्तावेज देने के बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। सोनम ने एक अन्य मामले में रेखा चौधरी, सोनिया चौधरी, अर्पणा श्रीवास्तव, अंजनी शर्मा, संजय सकलेचा, लविश सकलेचा, अनिल चौधरी, सपना जैन, गोरांग सोनी और दीप्ति सोनी पर सीसीटीवी फुटेज वायरल करने, उसे एडिट करने और झूठी जानकारी देने के मामले में भी एफआईआर दर्ज कराई है।

## नारकोटिक्स के फरार 16 आरोपियों पर एक लाख 30 हजार रुपये इनाम घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले व्यक्तियों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। उप पुलिस महानिरीक्षक नारकोटिक्स विंग इंदौर श्री महेश चंद जैन ने बताया कि थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित संशोधित पुलिस रेग्यूलेशन में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि जो कोई व्यक्ति इन फरार आरोपियों को विधि प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार करवाने में सहयोग करेगा अथवा उनकी गिरफ्तारी के संबंध में पुख्ता सूचना देगा, जिसके आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी, उसे निर्धारित राशि के अनुसार नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नारकोटिक्स विंग के अनुसार कुल 16 फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये से 20 हजार रुपये तक का इनाम घोषित किया गया है। इस प्रकार कुल एक लाख 30 हजार रुपये के इनाम घोषित किए गए है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। एक से अधिक सूचनाकर्ता अथवा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी होने की स्थिति में इनाम वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा लिया जाएगा।

### इन पर घोषित है इनामी राशि

नारकोटिक्स विंग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी मांगीलाल चौधरी पिता काजाराम चौधरी, उम्र 40 वर्ष, निवासी काजो की ढाणी, ग्राम जेलात्रा, थाना झाब, जिला जालौर (राजस्थान) पर 20,000 रुपये इनाम राशि घोषित किया गया है। इसी प्रकार प्रकार गोविंद पिता मोतीलाल मीणा, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम गमेरपुरा, पोस्ट चीताखेड़ा, थाना जीरन, जिला नीमच, राकेश पिता जगदीश गुर्जर, निवासी ग्राम बोरखेड़ी चारण, थाना नाहरगढ़, जिला मंदसौर, दिलीप पिता मोहनलाल अहीर, निवासी ग्राम बमोरी, थाना जीरन, जिला नीमच, विनोद पिता आशाराम मीणा, निवासी ग्राम जाजली, थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान), मिश्रीलाल पिता भंवरलाल कुमावत, निवासी मोराकला जिला पाली (राजस्थान), हाल मुकाम एसएलएन रोड जिगनी, बैंगलोर, ओंकार सिंह उर्फ लाल सिंह पिता गेनचन्द्र सिंह, निवासी धंधाल जगानू, जिला उधमपुर, हाल मुकाम जम्मु हिमाचल चौधरी ढाबा बालंजु, अहमदनगर वाकेडी फाटक एमआईआरसी के पास, महाराष्ट्र तथा रमेश पिता रत्नाराम विश्नोई, निवासी ग्राम मोटाई सावल नगर, तहसील फलौदी, जिला जोधपुर (राजस्थान) पर 10-10 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया है। इसी प्रकार विरेंद्र सिंह उर्फ राहुल पिता उदय सिंह सौंधिया राजपूत निवासी ग्राम तुरकिया थाना नारायणगढ़ जिला मंदसौर, ओमप्रकाश पिता खंगाराम खिलेरी जाति विश्नोई निवासी झाब थाना झाब, जिला सांचौर, कैलाश पिता रुपाराम विश्नोई, उम्र 21 वर्ष, निवासी देशांतरीनाडी, थाना आरजीटी नगर, जिला बाड़मेर (राज.), हाल मुकाम गुडामलानी जिला बाड़मेर, भागीरथ पिता हरदाराम विश्नोई, निवासी सतरेन चैनासर, तहसील नागौर, थाना श्रीबालाजी, जिला नागौर (राजस्थान), गोपाल पिता लादूलाल जाट, निवासी ग्राम दातड़ा छोटा, थाना बिगोद, जिला भीलवाड़ा (राजस्थान), भवानी सिंह पिता चतरसिंह, निवासी ग्राम करौली, थाना सांचोर सिटी, जिला जालौर (राजस्थान), आरोपी रोहित पिता भोला मंडल निवासी मकान नंबर 112, वार्ड नंबर 35, जयप्रकाश नारायण वार्ड, शोभापुर कॉलोनी, जिला बैतूल और आरोपी नीलेश पाटीदार पिता संजय पाटीदार निवासी परिचालिका नगर तिलक नगर इंदौर पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

## मंडी चेंबर हादसा: जांच के लिए केंद्रीय समिति पहुंची, घटनास्थल का किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चोइथराम मंडी क्षेत्र में पिछले सोमवार को चेंबर में काम करते समय नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। शुक्रवार को केंद्रीय समिति का एक दल मामले की जांच के लिए इंदौर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस मामले में केंद्रीय समिति ने राज्य सरकार से भी जवाब मांगा था।**



राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित चोइथराम मंडी में अजय और करण नाम के दो नगर निगम कर्मचारियों की मौत के मामले में जांच के लिए केंद्रीय समिति का दल पहुंचा। टीम के साथ केंद्रीय मंत्री का दर्जा प्राप्त गिल भी मौजूद थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर नगर निगम के कर्मचारी और राजेंद्र नगर थाने की पुलिस भी पहुंची। समिति के सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नगर निगम अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि संबंधित चेंबर की लाइन का उपयोग किस काम के लिए किया जाता है और घटना वाले दिन दोनों कर्मचारी वहां किस काम से पहुंचे थे।

करीब आधे घंटे तक समिति के सदस्य मौके पर मौजूद रहे और नगर निगम के स्टाफ व पुलिस अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। जांच के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को सौंपेगी। हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले का संज्ञान लेकर दोनों मृतक कर्मचारियों के परिजनों को 30-30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश जारी किए थे। यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2023 में दिए गए निर्देशों के आधार पर लिया गया है।

# एलपीजी गैस की उपलब्धता पर रखी जा रही है पैनी नजर : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम एवं मध्य पूर्व देशों के दृष्टिगत प्रदेश में पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिए गठित मंत्री मंडल समिति की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय में आयोजित हुई। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।**

बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, द्वारा समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। मंत्री श्री काश्यप वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में घरेलू



उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश के प्रवासियों को खाड़ी देशों से सुरक्षित लाने के लिये किये गये उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गैस कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर आपूर्ति श्रृंखला को और सशक्त किया जाए, जिससे प्रदेश में एलपीजी गैस की निर्बाध उपलब्धता बनी रहे।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि गैस एजेंसियों और तेल कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर मांग और आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, जिससे किसी क्षेत्र में सिलेंडर की कमी की स्थिति न बने। मंत्री श्री राजपूत ने पेट्रोल, डीजल, एटीएस, क्रूड ऑयल एवं घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है एवं निरंतर आपूर्ति जारी है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभी तक 115 स्थानों पर जांच की गई, 350 सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 02 एफआईआर की गई। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि सिलेण्डर बुकिंग के लिये बनाये गये पोर्टल में तकनीकी खराबी आने के कारण समस्या हुई। इसे दुरुस्त किया जाये। एजेंसियों में आवश्यकता अनुसार ऑफलाइन बुकिंग भी की जाये।

# ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत दो स्कूली छात्रों की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** सागर के रहली थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरगौर-खिरिया रोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक ट्रैक्टर के नीचे फंस गई। घटना में बाइक पर सवार दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे पिपरगौर के सरपंच और उनका बड़ा बेटा गंभीर घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, रहली के पटना बुजुर्ग में स्थित क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल में अभिजीत पिता राजेंद्र सिंह (15), विश्वजीत पिता राजेंद्र सिंह (11) और शिवाय पिता सोहन (10) निवासी पिपरगौर पढ़ाई कर रहे थे। उनकी वार्षिक परीक्षा चल रही थी। शुक्रवार को पेपर दिलाने के लिए पिपरगौर के सरपंच पिता राजेंद्र पिता राजकुमार सिंह (47) अपने बेटे अभिजीत, विश्वजीत और भतीजे शिवाय को स्कूल लेकर परीक्षा दिलाने गए थे।

# उज्जैन में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 38 सिलेंडर जब्त

## 12 से अधिक प्रतिष्ठानों से 92 हजार के गैस सिलेंडर जब्त किए गए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। ईरान इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते रेस्टोरेंट संचालकों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। इसके बाद आम लोगो को घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इधर गैस सिलेंडर की काला बाजारी रोकने के लिए शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम ने एक बार फिर जिले में एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर 38 सिलेंडर जब्त किए हैं।**

दो दिन से शहर में गैस सिलेंडर को लेकर जामखोरी की मिल रही शिकायतों को लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की टीम ने दूसरे दिन लगातार छापा मारकर कार्रवाई कर आज फिर 38 घरेलू गैस सिलेंडर प्रतिष्ठानो से जब्त किए हैं।असिटेंट फूड कंट्रोलर संतोष सिमोलिया ने बताया कि जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने शुक्रवार को ताड़बतोड़ कार्रवाई कर उज्जैन, तराना, महिदपुर, खाचरोद के एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की है।

संतोष सिमोलिया ने बताया कि तोपखाना एवं महाकाल घाटी स्थित मुजम्मिल जायका, होटल झम-झम, अलबेग रेस्टोरेन्ट, नीलकंठधारी, हब्बु शब्बु मिठाई की दुकान, रशीदा बेन्जो हाउस राधा रानी भोजनलाय, जैन श्री भोजनालय, रूद्राक्ष रेस्टोरेन्ट, महाकाल नाश्ता देवास रोड श्री रामानन्द रेस्टोरेन्ट, होटल फोजी पालखन्दा, सात्विक रेस्टोरेन्ट, तुलसी ढाबा, खाना खजाना, ज्युस सेन्टर तराना, श्री महेश्वरी स्विट्स, श्री मिष्ठान, जय श्री महाकाल टी स्टाल खाचरोद, स्वतिक होटल, श्री बजरंग स्वीट्स, दुर्गा महाराणा महिदपुर, चितावद फन्टा, श्री राम टी-स्टाल महिदपूर, हरीओम रेस्टोरेन्ट, आदि प्रतिष्ठानों से 92 हजार रुपए के 38 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

### फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ठेकेदार के यहां मारा छापा

# 50 तोला सोना और नगदी लेकर हुए फरार

## 15 मिनट में वारदात को अंजाम देकर हो गए फरार, सीसीटीवी फुटैल में नजर आई गाडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर 82 लाख रुपए कीमत का सोना सहित नगदी लेकर कुछ बदमाश फरार हो गए है। वारदात धार जिले के बाग तहसील में हुई हैं, अज्ञात बदमाश ठेकेदार के घर में घुसे व इनकम टैक्स की रेड की जानकारी देकर परिवार को एक कमरे में बंद कर सामान लूटकर फरार हो गए। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस पहुंची व आसपास के इलाकों में नाकेबंदी भी की। किंतु शुक्रवार देर शाम तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए है। इधर जिस वाहन से बदमाश फरार हुए हैं, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसी आधार पर पुलिस जांच कर रही है।**



जानकारी के अनुसार बाग थाना अंतर्गत वारदात सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर बाग के ब्राह्मणे मोहल्ले में एमपीईबी विभाग से जुडे ठेकेदार राजकुमार मालवीय के घर पर हुई। सुबह के राजकुमार मालवीय, उनकी पत्नी कृष्णा मालवीय और काम करने वाली बाई घर में मौजुद थे, इस बीच एक बिना नंबर की सफेद स्कॉर्पियो में सवार होकर 5 बदमाश घर पहुंचे। पांच में से दो बदमाश खाकी वर्दी में थे, जबकि तीन सिविल ड्रेस में थे। उन्होंने घर में घुसते ही खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मयंक अवस्थी सहित साइबर क्राइम ब्रांच की एक टीम बाग पहुंची व पीड़ित परिवार से एसपी ने घटना के संबंध में जानकारी लेकर आरोपियों की गिरफतारी को लेकर पांच टीमें गठित की है।

### ब्लैक मनी की शिकायत मिली

बदमाशों ने कहा, तुमने बहुत माल कमाया है, तुम्हारे खिलाफ ब्लैक मनी की शिकायत मिली है। उन्होंने घरवालों को डराया और बिना कोई फाइल चेक किए घरों के कमरों में छानबीन शुरु कर दी। कुछ देर की छानबीन के बाद घर की अलमारी की चाबियां कृष्णा मालवीय से मांगी तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया जिसके बाद राजकुमार मालवीय ने जांच में सहयोग करने के इरादे से चांबिया दे दी। बदमाशों ने अलमारी खोलने के बाद उसके रखा 50 तोला के सोने के जेवरात और ढाई से तीन लाख रुपये की नगदी और मोबाइल फोन लेकर कार से फरार हो गए। बदमाशों ने 15 से मिनट में ही पूरी वारदात को अंजाम दे दिया। जैसे ही आरोपी फरार हुए पीड़ित परिवार ने तुरंत पड़ोसियों को सूचित किया और पुलिस को खबर दी। बदमाशों का तरीका बिल्कुल पेशेवर था। आशंका है कि बदमाशों ने पहले यहां रैकी की उसके बाद ही वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने पहचान बताने के नाम पर घरवालों को धौंस दी और जांच के बहाने पूरा घर खंगाल डाला।

### साइबर पुलिस जांच में जुटी

सूचना मिलते ही बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बिना नंबर की स्कॉर्पियो और वर्दीधारी बदमाशों की लोकेशन ट्रेस करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास करती नजर आई, किंतु देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली है।

### सिलेंडर बुकिंग ठप... इंडक्शन और डीजल भट्टी के रेट डबल, वैकल्पिक ईंधन की मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर परेशानी बढ़ती जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम सही से काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण उपभोक्ता गैस सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। कई जगहों पर वेटिंग 7 से 8 दिन तक पहुंच गई है। कई जगहों पर बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। गैस संकट के कारण बाजार में वैकल्पिक ईंधन की मांग बढ़ गई है। भोपाल में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री करीब सात गुना तक बढ़ गई है। वहीं डीजल से चलने वाली भट्ठियों की कीमतें भी तेजी से बढ़ गई हैं। कई जगह होटल और कैंटीन में डीजल भट्ठी या अन्य विकल्पों से खाना बनाने की व्यवस्था की जा रही है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लग रहीं।

# संपादकीय

## पश्चिम एशिया का संकट: भारत की बढ़ती 'टेंशन'

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मिडिल ईस्ट के सभी देशों के साथ भारत की डिप्लोमेटिक बातचीत जारी है। ईरान-इजरायल संघर्ष शुरू होने के दो सप्ताह बाद से भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों ने चौथी बार बात की, इसमें तेहरान ने बढ़ते संकट पर ब्रिक्स देशों से एकजुटता की मांग की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार रात ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बातचीत हुई थी। वर्तमान में ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है, ईरान के इस बयान ने निश्चित तौर पर भारत की टेंशन बढ़ा दी है। क्योंकि मौजूदा संकट पर संयुक्त बयान जारी करना काफी चुनौतीपूर्ण है, ब्रिक्स के तीन सदस्य, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब सीधे तौर पर इस क्षेत्रीय तनाव से जुड़े हुए हैं। बुधवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के बीच हुई फोन पर बातचीत में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। ऐसा माना जाता है कि ब्रिक्स सदस्य देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक संतुलित और सभी के लिए स्वीकार्य बयान तैयार करने को लेकर प्रारंभिक स्तर पर बातचीत जारी है। जहां शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की ओर से ईरान पर सैन्य हमलों की निंदा करना अपेक्षाकृत आसान था, वहीं ब्रिक्स के लिए साझा रुख तय करना अधिक संवेदनशील और जटिल प्रक्रिया है। इस साल के अंत में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में आयोजित होना प्रस्तावित है। तेहरान की ओर से जारी फोन कॉल के विवरण के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जयशंकर को अमेरिका और इजराइल के कथित हमलों के बाद की ताजा स्थिति और उसके क्षेत्रीय व वैश्विक स्थिरता पर प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार का प्रयोग करने के ईरान के दृढ़ संकल्प पर भी बल दिया। अराघची ने जयशंकर से अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय संगठनों से देश के विरुद्ध सैन्य आक्रामकता की निंदा करने का आह्वान किया और वैश्विक स्थिरता में ब्रिक्स देशों के महत्व पर जोर दिया। जयशंकर ने भी गुरुवार रात हुई इस बातचीत की पुष्टि की। जयशंकर ने कहा, 'कल रात ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।'

## मुंशी प्रेमचंद की कहानी

# धिक्कार

बात उस समय की है जब ईरान और यूनान के बीच लड़ाई हो रही थी। ईरानियों का आक्रमण लगातार बढ़ता ही जा रहा था और यूनानी कमजोर पड़ रहे थे। आलम ऐसा था कि देश के सारे व्यापार बंद हो चुके थे और सभी युद्ध की तैयारी में जुट गए थे। यहां तक की देश के किसान भी अपने हाथों में हल की जगह तलवार और भाले लेकर उठ खड़े हुए थे। पूरा देश आत्मरक्षा के लिए एकजुट हो गया था, लेकिन फिर भी शत्रुओं के आक्रमण का जवाब देना मुश्किल हो रहा था।

एक वक्त था जब इसी ईरान को यूनान, कई बार धूल चटा चुका था, लेकिन आज समय उलटा चल रहा था। ईरान के आगे यूनानी शक्तियां कमजोर पड़ रही थी। एक तरफ देश के वीर पुरुष लगातार युद्ध के मैदान में अपनी बलि दे रहे थे तो दूसरी तरफ महिलाएं सुहाग उजड़ने की खबर सुनकर टूट रहीं थी। दरअसल, देश की महिलाएं भी मजबूर थीं। उन्हें अफसोस था कि वो अपने पतियों की रक्षा नहीं कर पा रहीं थी। ऐसा नहीं था कि उन्हें अपनी जान या फिर संपत्ति गंवाने का डर था। असल में उन्हें डर था अपनी मर्यादा का। ईरानी जीतने के बाद महिलाओं को घूरेंगे और कैद कर के अपने साथ ले जाएंगे। जो ये महिलाएं नहीं चाहती थी।

एक समय के बाद जब स्थिति बहुत खराब हो गई तो देश में बचे हुए पुरुष और महिलाओं ने मंदिर जाकर देवी से सवाल करने का फैसला किया। एक दिन सभी मिलकर वहां के प्रसिद्ध डेल्फी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने देवी से सवाल भी किया। उन्होंने कहा – 'हे देवी, हमारे साथ ऐसा क्यों हो रहा है। हमसे ऐसी कौन-सी गलती हुई है, जिसकी सजा हमारे लोगों को मिल रही है। क्या हमने कुर्बानियां नहीं दी या फिर उपवास नहीं रखा? आखिर हमने ऐसा क्या किया है जिससे देवता हमसे इतने नाराज हो गए कि वो हमारी रक्षा नहीं कर रहे हैं।'

इस पर मंदिर में मौजूद पुजारिन ने कहा – 'हमारा देश किसी देश द्रोही के कारण ऐसी संकट झेल रहा है। जब तक उसे पकड़ नहीं लिया जाएगा तब तक ऐसी स्थिति बनी ही रहेगी। इसमें देवताओं की कृपा भी नहीं काम करेगी। इसके लिए हमें ही कदम उठाना होगा'

इसके बाद लोगों ने देवी से पूछा – 'हे देवी, हमें बताइए कि वो देशद्रोही कौन है?'

जिसके बाद उन्हें जवाब मिला- 'जिस घर से रात में गाने की आवाज सुनाई देती है , जिस घर से दिन में खुशबू आती है, जिस पुरुष की आंखें अंहकार से लाल हो, समझो वही इस देश का द्रोही है।'

इसके बाद लोगों ने देशद्रोही की और पहचान जानने के लिए देवी से कई सारे सवाल किए, लेकिन देवी ने किसी का उत्तर नहीं दिया और शांत हो गई।

देशद्रोही के बारे में थोड़ी बहुत जानकारी पाने के बाद लोग अपने-अपने घरों की ओर लौट गए और उसकी तलाश करनी शुरू कर दी। यूनानियों ने ऐसा घर खोजना शुरू कर दिया जिसमें से रात को गाने की आवाज आती हो या फिर घर से खुशबू आती हो। उन्होंने बहुत खोज की, लेकिन उन्हें ऐसा घर नहीं मिला।

दरअसल, शाम होते ही हर जगह शांति छा जाती थी। घरों से आवाजें तो आती थीं, लेकिन वो आवाजें लोगों के रोने और चिल्लाने की होती थी। देश के सभी लोग लड़ाई में इतने व्यस्त हो गए थे, कि घर की साफ-सफाई का भी किसी को ध्यान नहीं रहता था। इसलिए हर घर से केवल बदबू ही निकलती थी। शहर की हर गलियां कूड़े-कचरे से भर चुकी थी। सफाई कर्मी से लेकर धोबी तक सभी युद्ध के मैदान में पहुंच चुके थे। जिस वजह से हर जगह गंदगी और बदबू की ही महक आ रही थी। लोगों की आंखें भी लाल थी, लेकिन आंखों की वो लालिमा अहंकार की नहीं, बल्कि आंसुओं की थी, जो अपनों को खोने के बाद निकल रहे थे। हर तरफ कोहराम मचा था। लोग अपनी मौत को बेहद पास देख रहे थे। इसी स्थिति को झेलते हुए लोगों ने उस देशद्रोही की तलाश के लिए पूरा शहर छान मारा, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। दिन बीतते चले गए। यूनानियों की स्थिति बद से बदतर होती चली गई। युद्ध के मैदान से और भी बुरी खबरें आने लगी। लोगों के मरने का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता चला गया।

इसी बीच एक दिन आधी रात के समय, एक बूढ़ा आदमी अपने घर से बाहर निकला। पूरे शहर में अंधेरा छाया हुआ था। ऐसा लग रहा था मानों वह कोई शहर नहीं, बल्कि शमशान घाट हो। दूर-दूर तक वहां कोई दिखाई नहीं दे रहा था। शहर के नाट्यशालाओं में जहां एक समय लोगों की भीड़ होती थी वहां अब सियार बोल रहे थे। बाजारों में लोगों की जगह उल्लू बोल रहे थे। मंदिरों में शांति और महलों में अंधेरा छाया हुआ था। वह बूढ़ा आदमी अपने घर से निकलकर उसी देवी की मंदिर की ओर चलता जा रहा था। उसका इकलौता बेटा लड़ाई के मैदान में मौत को चुनौती दे रहा था। उस बूढ़े आदमी को किसी की भी परवाह नहीं थी, वह अपने विचारों में खोया हुआ चलता जा रहा था। रास्ते में अंधेरा होने के कारण वह कई बार गिरा, लेकिन हर बार खुद को संभालते हुए आगे बढ़ता चला गया। दरअसल, उसने ठान लिया था कि वह देवी से जीत का आशीर्वाद लेकर ही रहेगा नहीं तो वह अपनी जान उसी देवी के चरणों में त्याग देगा।

जैसे ही वह देवी के मंदिर पहुंचा तभी उसके कानों में एक आवाज सुनाई दी जिससे वह चौंक पड़ा। उसने देखा कि मंदिर के पीछे से किसी घर से मधुर आवाज में संगीत की धुन बज रही थी। बूढ़े आदमी को बहुत हैरानी हुई। उसने सोचा कि ऐसी संकट की घड़ी में वह कौन है जो खुशी मना रहा है। वह इस बारे में जानने के लिए मंदिर के पीछे वाले घर की ओर चल पड़ा। वहां पहुंचकर उसने देखा कि वह तो उसी मंदिर की पुजारिन का घर था। बूढ़ा आदमी इस बारे में और अधिक जानने के लिए उस घर की खिड़की के पास जाकर खड़ा हो गया और अंदर की ओर झांकने लगा।

तभी उसने देखा कि उस कमरे में खूबसूरत मोमबत्तियां जल रहीं थी, घर एकदम साफ-सुथरा और सजा हुआ था। उस कमरे में एक लड़का टेबल पर बैठा हुआ था। उसके सामने पेय पदार्थों की बोतल और दो ग्लास रखी हुई थी। साथ ही दो नौकर उसी टेबल के सामने अपने हाथों में खाने की प्लेट लेकर खड़े थे, जिसमें से बहुत अच्छी खुशबू आ रही थी। यह देखते ही बूढ़ा आदमी जोर-जोर से चिल्लाने लगा – यही है देशद्रोही, यही है देशद्रोही। जिसके बाद मंदिर के दिवारों में द्रोही है, द्रोही है, की आवाज गूंज उठी।

तभी वहां स्थित बगीचे की तरफ से भी आवाज सुनाई दी – यही है देशद्रोही! यह सुनते ही मंदिर की पुजारिन अपने कमरे से बाहर निकली और पूछा – ''कहां है देशद्रोही? कौन है देशद्रोही?''

वह देशद्रोही कोई और नहीं, बल्कि उसी मंदिर की पुजारिन का बेटा था। जिसका नाम था-पासोनियस। वह उसी देश में रहकर उसी के खिलाफ काम करता था। देश की रक्षा के लिए जो भी योजना बनाई जाती थी वह उसे शत्रुओं यानी ईरीनियों को बता देता था। जिससे ईरानी अधिक सतर्क हो जाते थे और यूनानियों की हर योजना को मात दे देते थे। यही वजह थी कि यूनानियों के द्वारा जीत की लाख योजना बनाने के बाद भी वह हार जाते थे और उनकी जीत नहीं हो पा रही थी।

इस काम के बदले पुजारिन के बेटे को बहुत सारे पैसे मिलते थे। जिससे वह आराम और मौज की जिंदगी जी रहा था। उसे अपने देश की थोड़ी सी भी परवाह नहीं थी। वह केवल अपने बारे में सोचता था। बाकी लोग मरे या जिंदा रहे, इस बात से उसे कोई फर्क नहीं पड़ता था।

वहीं, पुजारिन अपने बेटे के इस काम से अनजान थी। उसे थोड़ा सा भी अंदाजा नहीं था कि उसका बेटा इतना स्वार्थी होगा कि वह लाखों लोगों की जान की फिक्र नहीं, बल्कि केवल अपनी फिक्र करेगा। दरअसल, पुजारिन हमेशा उसी घर के एक अंधेरी कोठरी में रहती थी। वह वहां से बहुत कम निकलती थी। दिनभर वह कमरे के अंदर बैठी पूजा-पाठ में लगी रहती थी, जिस वजह से उसे बाहर के बारे में कुछ भी पता नहीं चल पाता था।

बूढ़े आदमी ने जब देशद्रोही का शोर मचाया था, उस समय भी पुजारिन अपनी कोठरी में बैठकर देवी की पूजा कर रही थी। आवाज सुनकर पुजारिन अपने कमरे से निकली और अपने बेटे की कमरे में झांक कर देखने लगी। वहां उसने भी वही नजारा देखा जो उस बूढ़े आदमी ने देखा था। कमरे में मोमबत्तियां जल रहीं थी, गाना बज रहा था और उसका बेटा अहंकार में डूबा हुआ था। यह सब देखकर पुजारिन को बहुत दुख हुआ। उसने कभी ऐसा नहीं सोचा था कि उसका बेटा देशद्रोही होगा। लेकिन उसने जो देखा, उसके बाद उसे भी विश्वास हो गया कि उसका बेटा देशद्रोही है। फिर उस बूढ़े आदमी के साथ मिलकर वह भी चिल्लाने लगी – यही है देशद्रोही।

दोनों की आवाज सुनकर शहर के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और चिल्लाने लगे – यही है देशद्रोही, यही है देशद्रोही। एक तरफ लोगों की शोर सुनकर जहां पासोनियस के कमरे की रोशनी बंद हो गयी, गाना बजना बंद हो गया था। वहीं दूसरी तरफ लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही थी और देशद्रही का नारा भी तेज हो रहा था।

लोगों ने अंधेरा दूर करने के लिए मशालें जलायी और हथियार निकालने शुरू कर दिए। वहां इकट्ठा हुई भीड़ से तरह-तरह की आवाजें आने लगी। कोई कहता इस देशद्रोही की जान को देवी के चरणों में चढ़ा देते हैं, तो कोई उसे उसी के घर की छत से फेंकने की सलाह दे रहा था।

यह सब देखकर पासोनियस को समझ आ गया था कि वह अब फंस चुका है। वह तुरंत वहां से भाग कर उसी देवी की मंदिर में छिप गया। यह देख सभी लोग मंदिर पहुंचे, लेकिन यहां वे सभी असमंजस में पड़ गए थे। पुजारिन के बेटे को सजा कैसे दी जाए।

दरअसल, सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मंदिर में किसी को मारना पाप कहलाता था। लेकिन कोई उस देशद्रोही को छोड़ना भी नहीं चाहता था। इस बीच, भीड़ से फिर तरह-तरह की आवाजें आने लगी।

कोई कहता -'उसका हाथ खींचकर बाहर लाते हैं।'

कोई कहता – 'एक देशद्रोही को मारने के लिए देवी हम लोगों को माफ कर देगी।'

कोई कहता – 'देवी ही मंदिर में उसे सजा दे देंगी।'

कोई कहता – 'उसे पत्थर से मारते हैं, वह खुद मंदिर से बाहर निकल जाएगा।'

उस रात यही शोर मचता रहा और पायोनियस मंदिर के अंदर ही छिपा रहा। आखिरकार लोगों ने यह तय किया कि मंदिर की छत को तोड़ दिया जाए, जिससे मंदिर के अंदर छिपा पायोनियस कड़कड़ाती धूप और ठंड से अकड़ जाए। लोगों ने तुरंत इस काम को शुरू कर दिया और मंदिर की छत को तोड़ने लगे।

पुजारिन का देशद्रोही बेटा दिनभर तेज धूप में खड़ा रहा। इस दौरान उसे तेज भूख और प्यास भी लगी, लेकिन पासोनियस को न एक बूंद पानी नसीब हुआ और नाही खाना। दिन भर वह कई तरह के कष्ट झेलता रहा। उसने कई बार लोगों से मदद भी मांगी, लेकिन किसी ने उसकी एक न सुनी। वह बार-बार लोगों से विनती करने लगा कि वह दोबारा से ऐसी गलती कभी नहीं करेगा।

कई बार तो उसने अपनी जान तक लेने की भी सोची, लेकिन उसे इस बात का विश्वास था कि लोग उसे माफ कर देंगे। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। कई दिन बीत गए, पासोनियस के हाथ-पांव बुरी तरह से अकड़ गए थे। दिन में वह खुद को कड़कड़ाती धूप से बचाता तो रात में जान लेने वाली ठंड से। एक दिन वह खुद को गर्मी से बचाने के लिए मंदिर में ही इधर से उधर दौड़ रहा था कि तभी वह गिर पड़ा।

अगले दिन सुबह के समय लोगों ने जब मंदिर का दरवाजा खोला तो देखा कि पुजारिन का बेटा जमीन पर गिरा हुआ था। लोगों ने जब उसे जगाने की कोशिश की तो वह हिल भी नहीं सका। उसकी स्थिति बहुत खराब हो चुकी थी, लेकिन लोगों ने उस पर तनिक भी दया नहीं दिखाई। इस दौरान वहां मौजूद लोगों में से एक ने कहा – 'अभी मरा नहीं है?'

तो वहीं दूसरे ने कहा- 'देशद्रोहियों को मौत नहीं आती।'

जबकि तीसरे ने कहा- 'ऐसे ही पड़ा रहने दो, मर जाएगा।'

चौथे व्यक्ति ने कहा- 'ये नाटक कर रहा है।'

पांचवे व्यक्ति ने कहा- 'इसने जो पाप किया था, उसकी सजा इसे मिल गई है, अब इसे छोड़ देना चाहिए।'

इतना सुनते ही पासोनियस उठ बैठा और बोला – 'आप सब मुझे मत छोड़ना। अगर मुझे छोड़ दिया तो बाद में आप सभी को पछताना पड़ेगा। मैं बहुत स्वार्थी हूं। इसलिए मुझ पर विश्वास मत कीजिए। मैंने जो पाप किया है उसकी सजा मुझे मिलनी ही चाहिए।'

पासोनियस ने आगे कहा – 'मैं अपने जीवन के अंत में इस देश की कुछ सेवा करना चाहता हूं। मेरे पास ईरानियों के कुछ ऐसे रहस्य हैं, जिन्हें जानने के बाद ईरानियों को हराना आसान हो जाएगा। रात भर मैंने देवी की पूजा की है। उन्होंने प्रसन्न होकर मुझे ऐसा वरदान दिया है, जिससे विजयी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन मुझे अपने आप पर भरोसा नहीं है। यहां से बाहर निकलते ही सारी बातें भूल जाऊंगा और लालच में आकर फिर से ईरानियों की मदद करने लगूंगा। इसलिए मेरे ऊपर भरोसा करना सही नहीं है।'

तभी भीड़ में से एक यूनानी ने कहा- 'अरे सुनो तो यह क्या कहता है?'

वहीं, दूसरे यूनानी ने कहा- 'नहीं, भाई, शायद यह सच्चा इंसान है।'

जबकि तीसरे ने कहा- 'यह अपनी गलतियों को मान रहा है।'

इसके बाद चौथे व्यक्ति ने कहा- 'अब हम इसे माफ कर सकते हैं और इससे ईरानियों की योजना के बारे में पूछ सकते हैं।'

तभी पांचवें यूनानी ने कहा- 'यह कैसा इंसान है, जो एक ही बात बोल रहा है कि मुझ पर भरोसा नहीं करना।'

इस पर वहां मौजूद छठे व्यक्ति ने कहा – 'लगता है रात भर कष्ट झेलने के बाद इसे पछतावा हो गया है।'

सभी की बातें सुनने के बाद पासोनियस ने कहा- ' क्या आप लोग मुझे माफ करने वाले हैं? ऐसा मत कीजिए। मैं आप सब से फिर से विनती करता हूं कि मैं भरोसा करने के काबिल नहीं, बल्कि मैं तो इस देश का द्रोही हूं। मझे ईरानियों से जुड़े हुए कई सारे राज मालूम है। मैं अगर किसी भी तरह ईरानियों के पास पहुंच गया, तो उनके साथ मिलकर इस देश का नाश कर दूंगा।'

उसकी यह बाते सुनकर फिर से एक यूनानी ने कहा – 'एक गद्दार इस तरह की बातें नहीं कर सकता।'

इस पर दूसरे ने कहा – 'पहले यह लालची हो गया था, अब शायद इसे अपनी गलती का एहसास हो रहा है।'

इसके बाद वहां मौजूद तीसरे व्यक्ति ने कहा- 'एक गद्दार से अपने फायदे की बात जान लेना किसी भी प्रकार से गलत नहीं है। उसके बाद हम इसे छोड़ने की सोच सकते हैं।'

वहीं, चौथे यूनानी ने कहा- 'देवी के आशीर्वाद से इसमें बदलाव आया है।'

जबकि, पांचवें ने कहा- 'पापियों की भी आत्मा होती है, जो कष्ट झेलने के बाद सुधर जाती है। ऐसे में यह सोचना कि एक बार जिसने पाप किया है, वह कभी पुण्य नहीं कर सकता, गलत होगा।'

पांचवें यूनानी की बातें सुनने के बाद वहां मौजूद छठे व्यक्ति ने कहा – 'हम सब इसे यहां से गाते-बजाते लेकर चलेंगे।'

इस पर एक स्त्री ने कहा- 'सुनो भाई! संगीत वालों को बुलाओं, यह तो शरीफ लगता है।'

इस पर दूसरी महिला ने कहा – 'हां..हां, चलो हम पहले जाकर पासोनियस से अपने सख्त व्यवहार के लिए माफी मांगते हैं।'

तभी पासोनियस ने कहा- 'अगर मुझे पहले ही ये सब पूछा गया होता तो मैं सब कुछ तभी बता देता। फिर आप तय कर पाते कि मुझे मारना सही है या नहीं।'

इस पर वहां मौजूद भीड़ से कई महिला और पुरुष चिल्लाने लगे- 'ओह्ह ये तो हमने बहुत बड़ी गलती कर दी। पासोनियस तो सच्चा मालूम होता है।'

इसी दौरान एक बूढ़ी औरत दौड़ती हुई आई और वहां की सबसे ऊंची दीवार पर खड़ी होकर कहने लगी – 'तुम लोग ये क्या कर रहे हो?' क्या तुम लोगों को सच और झूठ में अंतर नहीं पता चल पा रहा? क्या तुम लोगों को इस देशद्रोही पर अभी भी भरोसा है? तुम सब ये कैसे भूल गए कि इसी पासोनियस ने न जाने कितने घरों को उजाड़ दिया है।'

उस बूढ़ी महिला ने आगे कहा- 'आज तुम सब इसकी बातों में आकर इसे छोड़ने जा रहे हो। याद रखो, अगर यह यहां से निकल गया तो हम सब की जिंदगी खराब कर देगा। इसके कारण हमारे इस देश पर ईरानियों का राज होगा।'

आगे महिला ने कहा – 'यह देवी का आदेश है कि इस पासोनियस को बाहर न निकलने दें। अगर हम सबको अपने देश और लोगों को बचाना है तो इस मंदिर के दरवाजे को बंद करना ही होगा, लो इसकी पहली नींव मैं ही रखती हूं।'

वहां मौजूद लोग महिला को देखते ही सब दंग रह गए। वह महिला कोई और नहीं, बल्कि उसी देशद्रोही की मां थी। इसके बाद क्या था लोगों ने मंदिर के द्वार को बंद करने के लिए पत्थर लगाने शुरू कर दिए और पासोनियस मंदिर के अंदर ही कैद हो गया।

वहीं, पासोनियस की मां की ये वीरता देखकर लोगों ने कहा – 'हे वीर माता तुम धन्य हो। जिस देश में तुम्हारी जैसी माता हो उसका कभी बुरा नहीं हो सकता है। तुम्हें हमारा कोटि-कोटि प्रणाम।'

### कहानी से सीख :

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें अपनों के साथ कभी भी धोखा या गद्दारी नहीं करनी चाहिए। ऐसा करना पाप होता है, जिसकी सजा हमें मिल ही जाती है। वहीं, सच्चा देशवासी वही होता है जो अपनों से पहले देशहित का सोचे।

New Delhi

# भारत के लिए राहत की खबर, LPG से लदे शिवालिक जहाज ने ईरान के होर्मुज स्ट्रेट को किया पार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एलपीजी गैस की किल्लत झेल रहे भारत के लोगों के लिए ईरान से बड़ी राहत की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि 40,000 मीट्रिक टन एलपीजी से लदा भारतीय ध्वज वाला एक जहाज, शिवालिक ने बिना सुरक्षा के होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, आसपास मौजूद भारतीय नौसेना के युद्धपोत सतर्क हैं।



**कुछ दिनों में शिवालिक जहाज भारत पहुंच जाएगा-** सूत्रों के मुताबिक टैंकर शिवालिक पर 40 हजार मीट्रिक टन LPG लदी है और ये टैंकर अगले कुछ दिनों में भारत पहुंच जाएगा। एक और अच्छी खबर ये है कि एक और एलपीजी से भरा टैंकर जल्द भारत के लिए रवाना होगा, इसकी भी अनुमति मिल गई है। इस राहत के बाद माना जा रहा है कि ईरान के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री से हुई बातचीत पॉजिटिव रही है।

**गैस की किल्लत होगी खत्म -** बता दें कि पिछले तीन-चार दिनों से एलपीजी गैस की किल्लत की खबर सामने आ रही थी। एजेंसी पर लंबी कतार देखी जा रही थी। जिसके बाद से लोगों में उथल-पुथल का माहौल मच गया था लेकिन अब 40 हजार मीट्रिक टन एलपीजी गैस भारत पहुंचने के बाद जरूर लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि, भारत सरकार ने शुरू से ही गैस की किल्लत होने से इनकार किया है। सरकार ने लोगों को भरोसा दिया कि ऐसी कोई स्थिति नहीं आई है।

Punjab

**सात राज्यों को मिलेगी राहत**

## गैस की किल्लत पर काबू पाने की कोशिश, बठिंडा रिफाइनरी ने बढ़ाया तीन गुना उत्पादन



**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब में एलपीजी किल्लत के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जिलों में रसोई व व्यावसायिक सिलिंडरों के लिए मारामारी का माहौल है। इसी के मद्देनजर बठिंडा स्थित गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी ने अपना एलपीजी उत्पादन तीन गुना बढ़ा दिया है। इससे एलपीजी उपभोक्ताओं को कुछ राहत जरूर मिलेगी। इस रिफाइनरी में रोजाना 1000 टन एलपीजी का उत्पादन किया जाता है, जिसे अब बढ़ाकर 3000 मीट्रिक टन कर दिया गया है। अब प्रतिदिन करीब 90700 से बढ़कर 2.72 लाख से अधिक एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध होंगे।

इस रिफाइनरी से एलपीजी की आपूर्ति न केवल पंजाब बल्कि हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, उत्तराखंड, यूपी, जम्मू एवं कश्मीर और मध्यप्रदेश तक की जाती है। आर्सेलर कंपनी के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मित्तल ने बताया कि इस वक्त युद्ध के हालातों के मद्देनजर देश में एलपीजी का संकट बना हुआ है। इसी को देखते रिफाइनरी ने उत्पादन तीन गुना तक बढ़ा दिया है ताकि उपभोक्ताओं को कुछ हद तक राहत मिल सके। उधर, सीएम भगवंत मान के अनुसार सभी जिलों के जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि तेल कंपनियों के संपर्क में रहें और एलपीजी की कमी पूरी करवाएं। कालाबाजारी व जमाखोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

Rajasthan

## चोरी के बाद निगल जाती थी गहने...

**महिला के पेट से निकले मंगलसूत्र और सोने के मोती**

**भीलवाड़ा, (एजेंसी)** भीलवाड़ा पुलिस ने एक महिला चोर गिरोह को पकड़ा है। यह गिरोह मध्य प्रदेश से कार से चोरी करने के लिए राजस्थान आता था। महिलाएं ज्वेलरी चोरी करने के बाद निगल जाती थीं । जब पुलिस कर्मियों ने 7 महिलाओं को गिरफ्तार कर मेडिकल करवाया तो वे भी चौंक गए। एक्स-रे के दौरान एक महिला के पेट में मंगलसूत्र और सोने के मोती मिले, जिसे बाद में डॉक्टरों ने बाहर निकाला। आरोपियों में शानू (31), व्रतिका (20), बरजी बाई (52), बसंती (60), मैना (28), पायल (20) और सपना (32) शामिल है। ये सभी एमपी के नीमच जिले के अलग-अलग गांवों की रहने वाली हैं। कोटड़ी थानाधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि शीतला सप्तमी के दिन कोटड़ी स्थित चारभुजा मंदिर में रंगोत्सव कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। भीड़ का फायदा उठाकर गैंग की महिलाएं भी वहां पहुंच गई और महिलाओं के गले से सोने के जेवरात चोरी कर लिए। थानाधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सीसीटीवी खंगाले गए। जांच में पता चला कि ये गिरोह राज्य के बाहर का है। बुधवार रात में गश्त के दौरान टीम को 7 संदिग्ध महिलाएं एक कार में घूमती नजर आईं।

Maharashtra

## संकट लंबा खिंचा तो शिरडी में साईं भक्तों को रहना पड़ेगा भूखा

**पुणे, (एजेंसी)** एलपीजी सिलेंडर की किल्लत की आंच अब मंदिरों में चल रहे भंडारे और अन्नक्षेत्र में पहुंचने लगी है। महाराष्ट्र के शिरडी के प्रसिद्ध साईं बाबा मंदिर के भंडारे में एलपीजी के उपयोग को कम किया गया है, इसके बावजूद सिलेंडर का स्टॉक 10-12 दिनों के लिए ही बचा है। मंदिर प्रबंधन ने बताया है कि खाना बनाने के लिए सोलर एनर्जी का उपयोग किया जा रहा है। रोजाना करीब 50 हजार भक्तों को भोजन परोसा जा रहा है। शिरडी साईं मंदिर का किचन देश के बड़े भोजनालयों में शामिल है। इसकी क्षमता काफी ज्यादा है। शिरडी श्री साईं बाबा समाधि मंदिर में लंबे समय से सोलर एनर्जी का भी इस्तेमाल हो रहा है। इसके बावजूद मंदिर प्रबंधन



रोजाना होने वाले भंडारे के लिए 1200 किलो रसोई गैस का उपयोग करता था। ईरान-इजरायल युद्ध के बाद जब एलपीजी का संकट शुरू हुआ तो मंदिर प्रशासन ने एलपीजी के उपयोग में कटौती की। अब रोजाना करीब 700 किलो एलपीजी का इस्तेमाल हो रहा है।

खेल

# इटली को हराकर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम, अब इंग्लैंड से होगा सामना

**नई दिल्ली। भारत ने मनीषा चौहान के तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से शुक्रवार को एफआईएच महिला विश्व कप क्वालिफायर के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया। अब खिताब के लिए उसका सामना इंग्लैंड से होगा। मिडफील्डर मनीषा ने तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारत इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में पहले ही जगह बना चुका है।**




## मनीषा के निर्णायक गोल से मिली जीत

भारत ने जोरदार शुरुआत की, लेकिन इटली ने तुरंत जवाब दिया और आक्रामक हमले किए। हालांकि भारत ने दूसरे क्वार्टर में लय हासिल कर ली। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में इटली ने जोरदार हमला किया, लेकिन भारत की गोलकीपर बीचू देवी खारिबाम ने इसका बचाव किया। भारत को 40वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने इसे गोल में बदल दिया। मनीषा ने एक जबरदस्त ड्रैग फ्लिक मारी, जो इटली के डिफेंस को भेदते हुए नेट में चली गई।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में अपनी बढ़त बढ़ाने के लिए दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन इटली ने मजबूत डिफेंस के साथ उन्हें रोक लिया। इटली ने मैच के आखिरी मिनटों में अपना सब कुछ झोंक दिया और 59वें मिनट में एक अहम पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन वह बराबरी का गोल करने से चूक गया। इससे पहले इंग्लैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया। इसमें लोटी बिंगहैम (25वां मिनट) और इसी बॉर्न (29वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को फाइनल में पहुंचाया।

सिनेमा

## 'टटीरी' विवाद: बादशाह की हो सकती है गिरफ्तारी, महिला आयोग ने पुलिस को पासपोर्ट जब्त करने का दिया आदेश



सिंगर-रैपर बादशाह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब तो उनकी गिरफ्तारी के भी आदेश आ गए हैं। हरियाणवी गाने 'टटीरी' को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। हरियाणा राज्य महिला आयोग ने पुलिस को निर्देश दिया है कि यदि बादशाह जांच में सहयोग नहीं करते हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जाए और जरूरत पड़ने पर उनका पासपोर्ट भी जब्त किया जाए, ताकि वह जांच से बचने के लिए विदेश न जा सकें। दरअसल, हरियाणा राज्य महिला आयोग ने इस मामले में बादशाह को पूछताछ के लिए पेश होने का समन भेजा था। उन्हें शुक्रवार, 13 मार्च को दोपहर तीन बजे तक पानीपत में आयोग के सामने उपस्थित होने के लिए कहा गया था। लेकिन जब वह तय समय तक नहीं पहुंचे, तो आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दे दिए। उन्होंने कहा कि पानीपत और पंचकुला पुलिस को बादशाह के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर उन्हें गिरफ्तार भी किया जाए। इसके साथ ही पूरे राज्य में यह भी सूचना जारी कर दी गई है कि जब तक बादशाह आयोग के सामने पेश नहीं होते, तब तक हरियाणा में उनके किसी भी कार्यक्रम या शो की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## Highlights

1. **Child born in marriage of illegal conversion to belong to mother's religion in Maharashtra**
2. **Lok Sabha clears ₹57,000 crore fund amid LPG supply crisis**
3. **11 Indians charged in US for staging robberies to secure visas**
4. **Kerala film body estimates ₹5-cr loss in 18 films over LPG issues**
5. **Hospitals slap hefty bills on patients, insurance firms reject claims: Maliwal**

# First Air India, now IndiGo, and more: Airlines hike fares as West Asia war sets oil prices on fire

**NEW DEIHI, (Agency).** Leading Indian airlines have begun hiking the fuel surcharges on domestic and international flights as the ongoing conflict between Iran and the US-Israel bloc sends aviation turbine fuel (ATF) prices spiraling. IndiGo made the latest such move on Friday.

The global prices of ATF, which typically accounts for 40% of an airline's operating expenses, has seen a "sharp surge" since early March 2026 due to regional supply interruptions.

IndiGo: India's largest carrier said it will begin levying a sector-based fuel charge on all domestic and international tickets starting March 14, 2026. The airline noted that while fully offsetting the ATF surge would require a "substantial adjustment" to base fares, it has opted for a smaller charge to benefit flyers. The sector-wise charges are:

Domestic & Indian Subcontinent: ₹425



Middle East: ₹900

Southeast Asia & China: ₹1,800

Africa & West Asia: ₹1,800

Europe: ₹2,300

Air India group: Air India and AI Express announced a phased rollout of surcharges that began on March 12, 2026. The group warned that without these adjustments some flights would become economically unviable.

Phase 1 (from March 12): A surcharge of ₹399 applies to domestic and SAARC routes. West Asia/Middle East routes attract a $10 surcharge, while Southeast Asia charges rose from $40 to $60.

Phase 2 (from March 18): Surcharges on long-haul routes will increase significantly: Europe will rise to $125, while North America and Australia will jump to $200.

Phase 3: Future adjustments are planned for Far East markets, including Japan and South Korea.

Others: Budget carrier SpiceJet warned that airlines have little choice but to impose surcharges if oil remains high. Founder Ajay Singh has urged the government to reduce excise duties and VAT on jet fuel, noting that prices even at $90 per barrel are becoming unsustainable.

# Meta Platforms plans sweeping layoffs as AI costs mount

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta Platforms Inc. is planning sweeping layoffs that could affect 20% or more of the company, three people familiar with the matter said, as the world's largest social media company looks to cut AI cost and prepares for greater efficiency brought on by AI-assisted workers.

No date has been set for the Meta playoffs and the magnitude has not been finalised yet, the people said. Top executives have signalled the plans to other senior



leaders and told them to begin planning on how to pare back, two of the people said. The sources spoke on the condition of anonymity as they are not authorised to disclose the job cuts.

"This is speculative reporting about theoretical approaches," Meta spokesperson Andy Stone said in response to questions about the plan.

If Meta settles on the 20% figure, the layoffs will be the company's most significant since a restructuring in late 2022 and early 2023 that it dubbed the "year of efficiency". The company laid off 11,000 staffers in November 2022, or around 13% of its workforce at the time. Around four months later, it announced it was cutting another 10,000 jobs.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

WHO AM I?
I AM THE DETECTIVE !
Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक